प्रवीण पाठ्यक्रम

PRAVEEN COURSE

किट: 1 / KIT: 1

पाठ : 1 से 2

Lesson- 1 to 2

अगस्त- किट/ August- KIT

सत्यमेव जयते

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

पत्राचार पाठ्यक्रम स्कंध (हिंदी)

राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय

2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली-110011

Central Hindi Training Institute

CORRESPONDENCE COURSE WING (HINDI)

Department of Official Language

Ministry of Home Affairs

2-A, Prithvi Raj Road

New Delhi-110011

Email-adptracharchti-dol@nic.in

Phone No. 011-23017203

Fax No. 011-23017203

To download this Kit:

http://chti.rajbhasha.gov.in/?9600?21

CONTENTS

S.No.		Page No.
1.	From the Director's Desk	3
2.	A Word with the Student	4
3.	Hindi Alphabets	7
4.	Lesson 1-2	8 से 22

IMPORTANT NOTE

SEND YOUR RESPONSE SHEETS FOR EVALUATION AS EARLY AS POSSIBLE THESE ARE TAKEN INTO CONSIDERATION FOR CALCULATING INTERNAL ASSESSMENT MARKS.

FROM THE DIRECTOR'S DESK

Correspondence Course Wing (Hindi)
Central Hindi Training Institute
Department of Official Language
(Ministry of Home Affairs)

2-A, Prithvi Raj Road,
New Delhi-110011

Dear Trainee!

Welcome to the Praveen Correspondence Course.

You will find the first lesson enclosed herewith. Thereafter, you will receive/subsequent lessons/units every month till March next, which will be the last dispatch before your examination starts in May. The lessons will be mailed to you in the first week of every month.

Each dispatch will be accompanied by Response-Sheets which are to be attempted by you and returned to us for evaluation. We attach rather great importance to your attempt on the Response-Sheet and in fact, it is only on the basis of your performance in the Response-sheets that we are able to provide you the proper guidance and further remedial material for improvement. Hence, I advise you to be regular in sending your Response-Sheets for evaluation from the very beginning itself. Marks obtained by you in these Response-Sheets will be counted for Internal Assessment at the time of final examination.

I would like to emphasize here that since, the course of study stipulated for the Praveen course is quite extensive, you will have to put in hard work and sincere efforts and be regular in studying the lessons sent to you. The lessons dispatched May, at times; contain supplementary study material also in order to complete the prescribed course in time.

I would like to thank the officials of Central Hindi Training Institute who have put in their sincere efforts to prepare these Kits and Response-Sheets based on the revised courseware of Praveen. They rightly deserve a word of praise for their efforts.

Once again, I welcome you to this course and hope that our programme will inculcate a new enthusiasm to learn Hindi and to use it in your official work.

Yours sincerely,

(SUMAN LAL)
Director Incharge

A WORD WITH THE STUDENT

(Guidelines for Study)

Dear Student!

Through this note, we wish to let you know how we intend to plan our teaching and in turn, how we expect you to proceed with our plan. Learning a language through correspondence is a delicate task and any laxity or carelessness on your part in keeping up with the plan/schedule at any stage might have an adverse effect on your progress. Your progress will largely depend upon how regular and consistent you are in attending to our lessons and sending us your response-sheets, as this will help us to keep a constant watch on your progress and to provide you regular and proper guidence and input.

WHAT WILL OUR DESPATCH CONTAIN

You will receive our instructional material every month. Our monthly despatch will consist of: (a) a kit containing lessons, (b) their respective response-sheets, and (c) supplementary and ancillary material, whenever necessary.

a) **Lesson Unit:**A lesson-unit will contain study material for one month. Each lesson comprises an introduction, objectives, text, vocabulary, grammatical pointsand sentence patterns of the summary. Along with the details of grammar, there are substitution and transformation exercises for oral practice which will be useful for comprehension of the text.

b) **Response-Sheet:** Each lesson unit will be accompanied by a response-sheet containing elaborate excercises and questions to be attempted by you. This will enable you to participate in the process of learning as soon as you finished the text-part of the lesson. These response-sheets are so designed as to provide you a practice material and at the same time, to test your attainment. These response-sheets are to be attempted in your own handwriting and returned to us for evaluation within a fortnight of their receipt.

c) **Ancillary and Supplementary material:** A lesson unit will be accompanied by ancillary and supplementary material, whenever necessary. It may consist of charts on consolidated material relating to various teaching points. Material for ready reference like list of basic vocabulary, phrases and idioms, numericals, synonyms and antonyms, charts of sentence-patterns etc.

PATTERN OF LESSONS

Each lesson will give you a graded and controlled study material for a month. The initial lessons have been designed to constitute self-contained units of study without the help of any text-book or grammer book. Technical terms occurring in the lesson have been explained. You have learnt the alphabets, sounds and script-writing at the Prabodh level. However, the HINDI-ALPHABETS have once again been incorporated for your convenience to pick up the old thread. You have been familiarised with the fundamentals of Hindi language in the Prabodh Course. In Praveeen, you will be made sufficiently conversant with comparatively difficult and complex grammatical devices, sentence-patterns and sizeable vocabulary so that you can cope up with the advance and more technical lessons in the Pragya Course.

In all 8 kits will be mailed to you in different despatches.

HOW TO LEARN PRONUNCIATION

You should try to listen to radio programmes in Hindi, especially the Hindi news bulletin and try to discern the Hindi sounds, their occurrence in the running speech and the pattern of intonation. Hindi Films and TV Serials, wherever possible, can also serve this purpose to some extent. Besides, wherever available and possible, you can seek the assistance of native Hindi speakers, your Hindi speaking colleagues and neighbours.

At the same time you are also advised to attend the 'PERSONAL CONTACT PROGRAMMES' and seminars to be organised by the Central Hindi Training Institute from time to time at your nearest centres, where we intend to give intensive oral coaching to our students for about a week. In these seminars, special programmes will be arranged to teach you Hindi pronunciation and speech. Besides these, regular classes will also be held and your individual problems will also be attended to.

HOW TO ATTEMPT THE RESPONSE-SHEET

First of all, get fully conversant with the lessons explained in the kit. While attempting the response-sheet, there is obviously nothing to prevent you from referring to or copying from the main text, but such a practice will do more harm than good to you. While attempting the response-sheet, make it a point never to refer to the main text or to copy portion from there. You should rely solely on your memory of what you have already learnt. You need not worry if you commit mistake here and there. This will help us to

provide you proper guidance solely on the basis of your real performance. These response-sheets will be minutely checked by our teachers here and will be returned to you with necessary comments and guidance for improvement.

The completed response-sheets should be returned to us by post within a fortnight of theirreceipt without fail. These response-sheets will be returned to you by us within a fortnight with necessary instructions and guide-notes. **Remember that you have to send your Response-Sheet regularly and punctually as these are taken into consideration for calculating internal assessment marks relating to your final examination.** Any delay on your part will only result in upsetting the schedule we have fixed for you, which might adversely affect your progress. In case you have any specific doubts and difficulties regarding any point in the lesson, you can send us your queries along with the response-sheets or separately, which will be properly attended to.

In all your communications with us, please always mention your registration number and full office address. Any change in your postal address should be communicated to this office as early as possible through a separate letter.

हिंदीवर्णमाला/HINDI ALPHABET

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ

ओ औ अं अ:

क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण त थ द ध न

प फ ब भ म य र ल व श

ष स ह

क्ष त्र ज्ञ

श्र ड़ ढ़

पाठ/Lesson -1

उड़ीसा की सैर

भूमिका/ Introduction

This lesson describes the visit to Odisha by the author. He avails of Leave Travel Concession from his office and goes there with family. The lesson describes the important places of Odisha also like Puri and Konark. It depicts the religious function of Rath Yatra (Temple Chariot).

उद्देश्य / Objective

The lesson is supposed to be a revision of all the tenses of Prabodh Course. However, as a narrative it contains more past tense sentences.

After completing the lesson you will be able to do the following:

1. Describe the visits you have made, generally in the form of a diary or memoirs.
2. Use sentences in simple past tense.
3. Emphasize on cultural, religious and environmental values of these places.

SYNOPSIS

Now you are going to study the main text of the lesson titled 'उड़ीसा की सैर'. It is about religious, cultural and historical information what writer has observed.

Here below we present the first part of the text. In this text you will read about some historical and religious places of Odisha like Jagannath Puri, Bhubaneshwar. Here writer and his family also went to the sea beach of Puri. There they took bath in the sea and enjoyed a lot on the beach.

उड़ीसा की सैर

इस बार हमने **छुट्टीयात्रारियायत**[1]लेकर भारत के **पूर्व में स्थित**[2] उड़ीसा जाने का कार्यक्रम बनाया उड़ीसा हमें हमेशा ही **आकर्षित**[3] करता रहा है। ईश्वर में **अगाधश्रृद्धा**[4] के कारण जगन्नाथपुरी के **दर्शनकरना**[5] मेरी व मेरी पत्नी की इच्छा थी। इसके साथ ही सम्राट अशोक की कलिंग विजय का **युद्ध क्षेत्र**[6]व अन्य **ऐतिहासिकस्थल**[7]भी मैं देखना चाहता था।

हम रेल से उड़ीसा की **राजधानी**[8]भुवनेश्वर पहुँचे।वहाँ से बस द्वारा भगवान जगन्नाथ की नगरी "पुरी" गए।भुवनेश्वर से पुरी की दूरी लगभग 52 किलोमीटर है।**धार्मिक मान्यता**[9]के अनुसार प्रसिद्ध चार धामों में से जगन्नाथपुरी एक है।पुरी में भगवान श्रीकृष्ण, बलभद्र एवं सुभद्रा की **काठ की मूर्तियाँ**[10]स्थापित हैं। प्रतिवर्ष इन मूर्तियों की विशाल शोभायात्रा निकाली जाती है जिसे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा कहते हैं । इसमें लाखों भक्तजन श्रृद्धापूर्वक भगवान श्रीकृष्ण, बलभद्र एवं सुभद्रा के रथ को खींचते हुए गुंडिचा

मंदिर तक लाते हैं। पुरी का जगन्नाथ मंदिर प्राचीन औ र**भव्य**[11]है। पुरी में इस मंदिर के अतिरिक्त छोटे-बड़े अनेक मंदिर हैं। इसलिए इसे मंदिरों की नगरी कहा जाता है।

पुरी केवल धार्मिक नगरी के रूप में ही नहीं बल्कि सागरतट के कारण भी पूर्व क्षेत्र के प्रमुख **पर्यटनस्थल**[12] के रूप में प्रसिद्ध है। देश-विदेश से लाखों **पर्यटक**[13] यहाँ के सागरतट पर पर्यटन और सूर्योदय का आनंद उठाने आते हैं। समुद्र से धीरे-धीरे निकलते हुए सूर्य के गोले को देखकर हमें अद्भुत, **रोमांचक**[14] अनुभूति हुई। बच्चों के साथ समुद्र में स्नान भी किया। लहरों से खेलने में बच्चों को खूब आनंद आया। सागर के किनारे पर ही **शंख ,**[15]**सीपी**[16]से बनी सुंदर- सुंदर **चीजें**[17] **बेचनेवाले**[18] घूम रहे थे। हमने उनसे कुछ **सामान**[19] खरीदा और वापस लौटे।

शब्दार्थ Vocabulary:

1. Leave Travel Concession 2. Located in East 3. Attract 4. Deep Devotion 5. To Visit 6.Battle Field 7. Historical Places 8. Capital 9.Religious Faith 10. Wooden Idols 11. grand 12. Tourist Place 13.Tourist 14. Thrilling
15. Conch 16. Shell 17. Articles 18. Vendors 19. Things

बोधप्रश्न- भाग-1

1.लेखक ने छुट्टी यात्रा रियायत लेकर कहाँ जाने का कार्यक्रम बनाया?
2.भगवान जगन्नाथ की नगरी किसे कहा जाता है?
3.जगन्नाथ मंदिर में कितनी मूर्तियाँ स्थापित हैं?
4.पुरी में किन मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली जाती है?
5.सागर तट पर क्या-क्या चीजें बिक रही थीं?

SYNOPSIS

In the previous part of the text you have learnt that the writer made a programme to Jagannath Puri along with his family members. They enjoyed there. Now in the latter section there is a description of religious places of Odisha like Konark and Kalinga.

उड़ीसा राज्य का **"राज्य पर्यटन विकास निगम"**[20] पर्यटकों के लिए "कंडक्टेडटूर" आयोजित करता है। दो दिन पुरी में रुक कर हमने राज्य पर्यटन निगम की बस द्वारा उड़ीसा के प्रमुख पर्यटन केंद्र देखने का कार्यक्रम बनाया। होटल के समीप ही टूरिस्ट बस खड़ी थी, हमारे बैठते ही बस प्रात: 6.30 बजे रवाना हुई । बस का पहला **पड़ाव**[21] था चंद्रभागा नदी का सागर में संगम । नदी में पानी **प्राय:**[22] नहीं था। **किवदंती**[23] है कि नदी ऊपर से सूखी रहती है और इसके नीचे पानी बहता रहता है। बारिश में जब इसमें पानी आता है तब नदी अपने किनारों को तोड़कर उछलती हुई तेजी से सागर में मिलने को मचलती है।

इसके बाद हम कोणार्क पहुँचे । कोणार्क अपनी भव्य **शिल्पकला**[24] के कारण विश्व प्रसिद्ध है।कोणार्क का सूर्य मंदिर हमारी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

कोणार्क के बाद हमारा अगला पड़ाव था कलिंग का रणक्षेत्र । यही वह मैदान है, जहाँ सम्राट अशोक ने कलिंग पर विजय प्राप्त करने के लिए युद्ध लड़ा था। सम्राट विजयी तो हुए परंतु पद्मा नदी के लहू से भरे जल को देखकर बहुत पछताए। यहीं पर उन्होंने युद्ध न करने का संकल्प लिया और बौद्धधर्म स्वीकार कर लिया।

दोपहर होने को थी। सूर्य अपनी तपन से हमें डरा रहा था। अब हम भुवनेश्वर लौट आए। भुवनेश्वर में लिंगराज का प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर देखा। यह 108 मंदिरों का परिसर है यह मंदिर हमारी स्थापत्य कला एवं आस्था का प्रतीक है।

भुवनेश्वर नगर की यात्रा हमने बस से ही की। अपराह्न में हमने विख्यात नंदनकानन **वन्यजीवसंरक्षण**[25] केंद्र देखा ।सफेद बाघ, हाथी, नंदनकानन के मुख्य आकर्षण हैं। वन्यजीवों को खुले में घूमते देखना एक अलग तरह का रोमांचक अनुभव था।

नंदनकानन की सैर के बाद हमने उदयगिरि और खंडगिरि की विश्वप्रसिद्ध जैन गुफाएँ देखीं। अगले दिन हमने मशहूर "चिल्काझील" देखने का कार्यक्रम बनाया। "चिल्का" भारत की विशाल झील है और यहीं पर विश्व प्रसिद्ध **पक्षीविहार**[26] भी है। यह एशिया में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है। पूरे दिन हमने चिल्का में **नौकायन**[27] किया। इसमें डाल्फिन को देखकर बच्चे खूब प्रसन्न हुए।

उड़ीसा की यह यात्रा हमें हमेशा याद रहेगी।

शब्दार्थ Vocabulary:

20. State Tourism Development Corporation 21. Resting Place 22. Often 23. Legend 24. Art of Sculpture 25.Wild Life Protection
26. Bird Sanctuary 27. Boating

बोधप्रश्न-भाग-2

1. पुरी के समुद्र में किस नदी का संगम होता है?
2. कोणार्क का सूर्य मंदिर किसलिए प्रसिद्ध है?
3. नंदनकानन वन्यजीव संरक्षण केंद्र कहाँ स्थित है?
4. लेखक और उसके परिवार ने विश्व प्रसिद्ध जैनगुफाएँ कहाँ देखीं?
5. लिंगराज मंदिर कितने मंदिरों का परिसर है?
6. 'चिल्काझील' किसके लिए प्रसिद्ध है?

सांस्कृतिक टिप्पणियाँ (Cultural Notes)

Yatra : The procession of a temple chariots (रथ), where in the idols of Shri Krishna & his consort Subhadra & brother Balbhadra are seated.

Kalinga victory: The war of Kalinga was won over by Emperor Ashok after a heavy men slaughter. The scene of war had a deep impact on Emperor Ashok and after this war he shun violence & embarrassed Buddhism.

Char Dham: Dham literary means a house. These four places Badrinath, Rameshwaram, Dwarika & Puri on four corners of India are considered to be the holy Shrines of Hinduism.

Nagari:Nagari or Nagar is a city. Some places like Mathura, Puri are referred to in the familiar form as Nagari.

Nandan Kanan: It is a famous wild life sanctuary in Odisha.

Chilka Jheel: (The most famous lake of Odisha state).

व्याकरणिक टिप्पणियाँ / Grammatical Notes

पर्यायवाचीशब्द/Synonyms

परिवेश	=	वातावरण, माहौल	समीप	=	नजदीक
पर्यटक	=	यात्री	ऊबना	=	मन न लगना
नौकायन	=	नौका विहार			

विलोमशब्द (antonyms)

प्राचीन	x	नवीन	सूर्योदय	x	सूर्यास्त
विजय	x	पराजय	तपन	x	ठंडक
युद्ध	x	शांति	आस्था	x	अनास्था

This section contains the grammatical points covered in the previous course (Prabodh). So you are familiar with the information given below. If you follow them without difficulty, you have the base to go ahead with other lesson of `'प्रवीण'.

Imperatives: Imperatives are formed with तुम(informal) and आप (honorific)

Root Verb	**लिख**	**जा**
तुम	लिखो	जाओ
आप	लिखिए	जाइए

Exceptions:

Root Verb	**कर**	**ले/दे**	**पी**
तुम	करो	लो/दो	पिओ
आप	कीजिए	लीजिए/दीजिए	पीजिए

Verb Root - जा and participle + ता

Masculine/Feminine	**Auxiliary**	**Pronoun**	**M**	**F**	**Auxiliary**
मैं	जाता/जाती हूँ।	हम	जाते	जाती	हैं।
तुम	जाते ,, हो।	आप	जाते	जाती	हैं।
वह	जाता ,, है।	वे	जाते	जाती	हैं।

1.In the imperative sentences if the subject is तुम we add 'ओ' to the verb root and if the subject is 'आप' we add 'इए' to the verb e.g.-तुम जाओ।
आप जाइए। **उदाहरण:** मोहन, यहाँ आओ, अंदर बैठो।
चाचाजी, आइए, सोफे पर बैठिए।

When the subject is तुम "दे" and "ले" become "दो" and "लो" and if the subject is 'आप', 'दे', 'ले' become दीजिए/लीजिए।

तुम पैसा दो और आम लो।
आप पैसा दीजिए और आम लीजिए।

आदरार्थक में कर, दे, ले, पी के साथ "इए" के स्थान पर "जिए" जोड़ा जाता है।

In case of verbs कर, दे, ले, and पीइए and जिए is added to the verb root to express respect.

कर	-	की + जिए	=	कीजिए
दे	-	दी + जिए	=	दीजिए
ले	-	ली + जिए	=	लीजिए
पी	-	पी + जिए	=	पीजिए

2. वर्तमानकाल (Simple Present Tense)

The present tense is formed as below:-

Verb root + present participle + auxiliary verb:-

जा + ता+ है

II. Present participle 'ता' is inclined according to gender, number and person &similarly auxiliary verb changes according to gender and number.

सामान्य वर्तमान काल/ SIMPLE PRESENT TENSE

पुरुष Person	एकवचन Singular	बहुवचन Plural
उत्तम Ist	मैं जाता/जाती हूँ।	हम जाते/जाती हैं।
मध्यम IInd	तुम जाते/जाती हो।	आप जाते/जाती हैं
अन्य IIIrd	वह जाता/जाती है। राम जाता है सीता जाती है। श्रीमती दास जाती हैं	वे जाते/जाती हैं सीता और लता जाती हैं श्रीदास जाते हैं।(आदरसूचक)

The simple present tense also expresses the hobbit, hobby/profession and natural phenomenon.

सूरज पूरब में निकलता है। मेरी बहन बैंक में काम करती है।
राजन रोज़ नौ बजे स्कूल जाता है। मैं कॉफी ही पीता हूँ।

In negative present tense, we use 'नहीं' just before the verb.

Negation in simple present tense: In negative sentences, we use 'नहीं' exact before the verb and drop the auxiliary verb like है/हैं/हो/हूँ। and in the case of feminine plural in the negative sentences the final 'ई' of the main verb is nasalised, e.g.-

वे जाती हैं। वे नहीं जातीं।
मैं कॉफी नहीं पीता। ये लड़कियाँ स्कूल नहीं जातीं।

सतत्वर्तमानकाल (Present Continuous Tense)

The progressive aspect of the act is expressed with the help of the auxiliary Verb like रहा, रहे, रही which are compounded to the main verb root.For e.g. जा + रहा है = जा रहा है।

In the present continuous tense participles like रहा, रहे, रही are added to the verb root as per gender, person & number of the subject.

उदाहरण :पिताजी रेडियो पर समाचार सुन रहे हैं तथा इस समय लड़कियाँ गाना गा रही हैं।

PRESENT CONTINUOUS TENSE

पुरुष person	एकवचन Singular	बहुवचन Plural
उत्तम Ist	मैं पढ़ रहा/रही हूँ।	हम पढ़ रहे/रही हैं।
मध्यम IInd	तुम पढ़ रहे/रही हो।	आप पढ़ रहे/रही हैं।
अन्य IIIrd	वह पढ़ रहा/रही है। मोहन पढ़ रहा है। (पु.) लीला पढ़ रही है। (स्त्री.)	वे पढ़ रहे/रही हैं। रघु और रहीम पढ़ रहेहैं।(पु.) श्रीराव पढ़ रहे हैं(आदरसूचक) श्रीमती राव पढ़ रही हैं।(आदरसूचक)

"रहा है" Verb also expresses the future events.

उदाहरण :मेरी बहन आज शाम की गाड़ी से आ रही है।मैं कल चंडीगढ़ जा रही हूँ।

Adjective/विशेषण- An adjective is a word which qualifies a noun & apronoun.

अच्छा लड़का सस्ती कलम

The 'आ' ending adjectives changes according to the number & gender of the subject/object.

अच्छा लड़का-अच्छे लड़के- अच्छी लड़की/ लड़कियाँ

आकारांत विशेषण में कुछ इसके अपवाद हैं:-

ताजा खबर (स्त्री) बढ़िया चीजें (स्त्री)

Except 'आ' ending adjectives, other adjectives do not change according to the number & gender of the subject/object. -मेहनती लोग, सुंदर लड़की

भविष्यत्काल (future tense)-In future tense participles एंगा, एंगे, एगीओगे are added to the verb root as per gender person and number of the subject.

भविष्यत काल/FUTURE TENSE

पुरुष/Person	एकवचन/Singular	बहुवचन/ Plural
उत्तम/Ist	मैंजाऊँगा/जाऊँगी।	हम जाएँगे/जाएँगी।
मध्यम/ IInd	तुम जाओगे/जाओगी।	आप जाएँगे/जाएँगी।
अन्य/ IIIrd	वह जाएगा/जाएगी। राम जाएगा। (पु.) सीता जाएगी। (स्त्री)	वे जाएँगे/जाएँगी। श्याम और शेखर जाएँगे। (पु.) लीला और सलमा जाएँगी। (स्त्री) श्रीराव जाएँगे। (आदरसूचक) श्रीमती राव जाएँगी। (आदरसूचक)

Please pay attention to the following verbs:

हो	हूँगा	-	होगे	-	होगा	-	होंगे
दे	दूँगा	-	दोगे	-	देगा	-	देंगे
ले	लूँगी	-	लोगी	-	लेगा	-	लेंगी

भूतकाल/Past Tense

Simple past tense verb is formed by adding आ, ए, ई, इंर्, to the Verb root.

For e.g.	लाया	-	लाए	-	लाई	-	लाईं
	उठा	-	उठे	-	उठी	-	उठीं

"जाना'' Verb is an exception:

गया	-	गए	-	गई	-	गईं

The past tense forms of some verbs are given below:

हो-हुआ	कर-किया	छू-छुआ
दे-दिया	ले-लिया	पी-पिया

संभावनार्थ (Probability or Possibility)

In these sentences the verb changes according to the number but not according to the gender-

जैसे:- **करना क्रिया** के रूप इस प्रकारहैं - करूँ, करो, करें।

इनका प्रयोग निम्नलिखितस्थितियों में होता है।

अनुमति माँगना	-	मैं जाऊँ?	हम जाएँ?
अनुमति देना	-	तुम चलो।	आप चलें।

मौखिकअभ्यास (Oral Practice)

स्थानापत्तिअभ्यास (Substitution Exercise)

1. राकेशगर्मीकीछुट्टियों मेंअक्सरपहाड़ीस्थलोंपरजाताहै।
   (गीता, हम, वे, वह, आप)
2. श्रीराघवन अभी कुछ काम कर रहे हैं।
   (तुम, मैं, श्रीमती ललिता, मेरा मित्र)
3. मैं हिंदी में काम करने की कोशिश करूँगी।
   (हम, तुम, आप, मीता, निखिल)
4. संतोष पिछले वर्ष कन्याकुमारी देखने गई थी।
   (हम सब, वे लोग, उनका परिवार, मेरे माता-पिता)
5. शुभम ने कल लगान फिल्म देखी।/सुमन ने नाटक देखा।
   (प्रदर्शनी, नुमाइश, मेला, सर्कस, सिनेमा, मैच)

6. क्या मकान की खिड़कियाँ बन चुकी हैं?
(दीवार बनना, दरवाज़े लगना, सफेदी होना, प्लास्टर होना)

रूपांतरण (Transformation)

नमूना : रेल की यात्रा आरामदायक होती है।
रेल की यात्रा आरामदायक होगी।

1. सरकार कर्मचारियों को महँगाई भत्ता देती है।
2. आचरण नियमावली का पालन न करने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाती है।
3. श्री रमेश का स्थानांतरण लोकहित में किया जाता है।
4. अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में विदेशी फिल्में भी दिखाई जाती हैं।
5. अच्छी साहित्यिक कृतियों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

नमूना : श्री राव लंबी छुट्टी पर जाएँगे।
श्री राव लंबी छुट्टी पर जा रहे हैं।

1. निदेशक चेन्नै कार्यालय के निरीक्षण के लिए जाएँगी।
2. इस वर्ष रेल कर्मचारियों को बोनस दिया जाएगा।
3. विश्वकप में हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।
4. हिंदी फिल्में ऑस्कर पुरस्कार के लिए भेजी जाएँगी।
5. नोएडा में पाँच सितारा होटलों का निर्माण होगा।

नमूना : उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे।
उम्मीदवारों ने साक्षात्कार के लिए प्रतीक्षा की।

1. संसद सदस्य सीलिंग से संबंधित प्रश्न उठा रहे थे।
2. शोधार्थी जीव-विज्ञान में अनुसंधान कर रहे थे।
3. श्रीमती बिमला मसौदा लेखन पर कार्यशाला ले रही थीं।
4. भू-वैज्ञानिक पूर्वोत्तर क्षेत्र की भूमि पर भाषण देर हे थे।
5. प्रशिक्षार्थी केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो में अनुवाद प्रशिक्षण ले रहे थे।

नमूना : बच्चे परीक्षा की तैयारी करेंगे।
बच्चे परीक्षा की तैयारी करें।

1. वह आज मसौदा तैयार करेगा।
2. हिंदी अधिकारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।
3. वे मुंबई में आयोजित बैठक में जाएँगे।
4. तुम लेखा का सभी काम पूरा करोगे।
5. क्या हम अगले शनिवार आगरा देखेंगे।

नमूने के अनुसार वाक्य बनाइए(Change sentences according to the given example)

नमूना : श्रीनिवास ने यात्रा का कार्यक्रम ..... (बनाना)

श्रीनिवास ने यात्रा का कार्यक्रम बनाया।

1. मेरी पत्नी ने कटक से चाँदी के गहने.....(खरीदना)

2. अशोक ने कलिंग युद्ध .....(जीतना)

3. हमने उदयगिरि, खंड गिरि की गुफाएँ .....(देखना)

4. उन्होंने कल फिल्म.....(देखना)

5. मैंने प्रेमचंद का उपन्यास.....(पढ़ना)

पाठकासार/Summary

लेखक अपने परिवार के साथ छुट्टी यात्रा रियायत का लाभ उठाकर उड़ीसा की सैर को निकल जाता है। इस यात्रा के दौरान भुवनेश्वर, जगन्नाथ पुरी के दर्शन करता है। जगन्नाथ पुरी की धार्मिक महत्ता के साथ-साथ वह समुद्रतट की रमणीयता का भी वर्णन करता है।यहाँ वह समुद्र से निकली हुई सुदंर-सुदंर चीजों को भी बेचते हुए देखताहै ।

इसके पश्चात लेखक कंडक्टेडटूर की बस से चंद्रभागा, कोणार्क, कलिंग का युद्ध क्षेत्र, नंदनकानन उदयगिरि व खंडगिरिव चिल्काझील देखता है।

लेखक इस यात्रा को अविस्मरणीय यात्रा बताता है।

क्रियात्मककौशल/ Creative Writing

संवाद

i) प्रशिक्षार्थी अपने देखे हुए किसी पर्यटन स्थल के बारे में आठ-दस वाक्य बोलें।

ii)लेखक अपने कार्यालय से छुट्टी यात्रा रियायत का लाभ उठाते हुए उड़ीसा की सैर पर अपने परिवार के साथ निकलता है, वह उड़ीसा के विभिन्न धार्मिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक नगरों की सैर करता है और उसका भूतकाल में वर्णन करता है। यह यात्रा वृतांत सुंदर है जिसे छोटे-छोटे वाक्यों में सरल भाषा में वर्णित किया गया है।

आप भी ऐसे किसी स्थल की सैर करते हुए वर्णन कीजिए।

Describe a place where you have been recently.

बोध प्रश्न के उत्तर - भाग-1

1. लेखक ने छुट्टी यात्रा रियायत लेकर उड़ीसा जाने का कार्यक्रम बनाया।
2. भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी को कहा जाता है।
3. जगन्नाथ मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण, बलभद्र एवं सुभद्रा की मूर्तियां स्थापितहैं ।
4. पुरी में भगवान श्रीकृष्ण, बलभद्र एवं सुभद्रा की मूर्तियों की शोभा यात्रा निकाली जाती है।
5. सागर तट पर शंख, सीपी की बनी सुदंर-सुदंर चीजें बिकर ही थीं ।

बोधप्रश्नकेउत्तर - भाग-2

1. पुरी के समुद्र में चंद्र भागा नदी का संगम होता है।
2. कोणार्क का सूर्य मंदिर अपनी भव्य शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध है।
3. नंदन कानन वन्य जीवन संरक्षण केंद्र उड़ीसा में स्थित है।
4. लेखक और उसके परिवार ने उदयगिरि और खंडगिरि की विश्वप्रसिद्ध जैन गुफाएँ देखीं।
5. चिल्का झील विश्व पक्षी विहार के लिए प्रसिद्ध है।

पाठ / Lesson -2

मिट्टी की गाड़ी

भूमिका / Introduction

Mrichhakatikam is an ancient drama written in Sanskrit by Shudrak. Shudrak was a great ancient Sanskrit writer; he described goodness and evils of the society which still prevails.

The hero of this drama is Charu Dutt. Earlier he was a rich man but due to betting he lost his business and was forced to live in poverty. When he was a rich man he had earned only fame and name. A dancer whose name is 'Basant Sena' was attracted towards him due to his character and honesty and not due to his wealth. This drama depicts all kinds of corruption and evils prevalent those days. At last goodness wins over evil.

उद्देश्य/Objective

In this lesson we will learn that corruption was rampant in the society from the king down to his servants. But at last honesty wins over evils. Now you are going to study the main body/text of the lesson 'मिट्टी की गाड़ी' it means 'clay carriage'.

SYNOPSIS

The hero Charu Dutt belongs to a rich family. He was living in poverty due to loss in his business. He has lost everything except his name and fame. A courtesan Basant Sena loves him. The corruption & loot were rampant in the society. Basant Sena keeps her jewellery with Charu Dutt wife's Dyutta for safe custody which was stolen by thieves. Charu Dutt is worried over the loss. His wife Dyutta sends her jewellery to Basant Sena to compensate for the loss.

मिट्टी की गाड़ी

संस्कृत में एक प्रसिद्ध **नाटक**[1] है - "मृच्छकटिकम्र" अर्थात्र **मिट्टी**[2] की गाड़ी। यह नाटक शूद्रक ने लिखा है। इस नाटक में **समाज**[3] की अच्छाइयों और बुराइयों को इस प्रकार दिखाया गया है वे आज भी **विश्वसनीय**[4] लगती हैं।

नाटक का नायक चारुदत्त है। वह धनी परिवार से है। धनिकों की बस्ती में रहता है। पर **व्यापार**[5] में **घाटा**[6] होने के कारण **गरीबी**[7] में जी रहा है। धन के नाम पर उसके पास **चरित्र**[8] और **यश**[9] ही रह गया है। बसंतसेना नाम की **गणिका**[10] उसे बहुत चाहती है। उसे चारुदत्त से प्रेम है, धन से नहीं।

उस समय समाज में **अन्याय**[11] और **अत्याचार**[12] बढ़ रहा था। राजा को इसकी कोई चिंता नहीं थी। वह मौज मस्ती में रहता था। उसके राज्य में चोर **लुटेरे**[13] अपनी मनमानी और लूटमार करते थे। **प्रजा**[14] इनसे बहुत **त्रस्त**[15] थी। समाज में **असुरक्षा**[16] व्याप्त थी। इसी डर से बसंतसेना ने अपने **गहने**[17] चारुदत्त के पास रखवा दिए थे। एक दिन एक **सेंधमार**[18] उन्हें चुरा कर ले गया। चारुदत्त को यह चिंता सताने लगी कि लोग उस पर दोष लगाएँगे कि उसने बसंतसेना की **धरोहर**[19] हड़प ली। चारुदत्त को इस अपमान से बचाने के लिए उसकी पत्नी द्यूत ने अपना बहुमूल्य हार बसंतसेना के पास भेज दिया।

शब्दार्थ / Vocabulary:

1. drama 2. clay 3. society 4. believable 5. business 6. loss 7. poverty 8. character 9. fame 10. dancer 11. injustice 12. atrocities 13. Thives 14. subjects 15. oppressed 16. insecurity 17. jewelry 18. burglar 19. object kept in other's custody.

बोध प्रश्न भाग- 1-

1. यह नाटक किस भाषा का है?
2. चारुदत्त पर क्या मुसीबत आई?
3. वसंत सेना ने गहने चारु दत्त को क्यों दिए?
4. चारु दत्त को क्यों चिंता हुई?
5. चारुदत्त को अपमान से बचाने के लिए उसकी पत्नी ने क्या किया?

SYNOPSIS

Luckily Basant Sena gets her jewelry back. So she sets out to return Dyutta's Jewelry. Shankar, brother-in-law of the king tries to kill her and put the blame on Charu Dutt. He is given a death sentence by the Judge. Let us see how he escapes.

इस बीच चोरी हुए आभूषण वापस बसंतसेना के पास पहुँच गए। बसंतसेना द्यूत का हार लौटाने के बहाने चारुदत्त के घर आती है। चारुदत्त का नन्हा बच्चा **जिद्द**[20] कर रहा है कि मुझे **सोने की गाड़ी**[21] चाहिए। असल में उसके साथी अमीर परिवारों के थे और **कीमती खिलौने**[22] से खेलते थे। चारुदत्त के पुत्र को मिट्टी की गाड़ी से बहलाया जाना उनकी **विवशता**[23] थी। बसंतसेना इस बात से दुखी होती है और बच्चे की गाड़ी को अपने आभूषणों से भर देती है। लौटते हुए भीड़-भाड़ में रथ बदल जाने के कारण बसंतसेना **निर्जन स्थान**[24] में जा पहुँचती है। राजा के साले शंकर को चारुदत्त से **ईर्ष्या**[25] है क्योंकि बसंतसेना चारुदत्त की प्रेमिका है और वह भी बसंतसेना को चाहता है। इसलिए मौका पाकर शंकर

बसंतसेना की **हत्या**[26] का प्रयास करता है और लौटकर चारुदत्त पर बसंतसेना की हत्या का झूठा **आरोप**[27] लगा देता है। न्यायाधीश के पास **विवाद**[28] पहुँचता है। न्यायालयों में भी **भ्रष्टाचार**[29] फैला है। राजा का साला न्यायाधीश को **धमकाता**[30] है। **चश्मदीद गवाह**[31] को **न्यायालय**[32] तक नहीं पहुँचने दिया जाता। चारुदत्त के विरुद्रध **झूठी गवाही**[33] दी जाती है और सच्चे गवाहों के बयानों को भी **तोड़े-मरोड़**[34] दिया जाता है। न्यायाधीश बिना देर लगाए चारुदत्त को **मृत्युदंड**[35] सुना देता है।

निर्दोष चारुदत्त को मृत्युदंड देने की घोषणा सुनते ही जनता में असंतोष फैल जाता है। राजा के विरोध में जन **आंदोलन**[36] खड़ा हो जाता है। **जनक्रांति**[37] होती है। झूठे आरोपों में **बंदी बनाए**[38] गए **कैदी**[39] छोड़े जाते हैं। उन्हीं कैदियों में से एक ऐसा था जिसने शंकर को बसंतसेना का गला दबाते हुए देखा था। वह कैदी **वध स्थल**[40] की ओर भागता है। बसंतसेना गला दबाए जाने से **बेहोश**[41] हो जाती है लेकिन शंकर उसे मरी समझकर भाग जाता है। होश में आने पर बसंतसेना चारुदत्त को दिए गए मृत्युदंड की खबर सुनती है ओर वह भी चारुदत्त को बचाने के लिए न्यायालय की ओर दौड़ती है। दूसरी ओर चारुदत्त का बेटा भी आभूषणों से लदी मिट्टी की गाड़ी लेकर वहाँ पहुँचता है जहाँ चारुदत्त को मृत्युदंड दिया जाना था। शंकर अपने सामने जल्दी से जल्दी चारुदत्त को फांसी लगते देखना चाहता है पर जब क्रांतिकारियों की भीड़ वहाँ पहुँचती है तो उसे अपनी जान बचाना कठिन हो जाता है। बसंतसेना के आ पहुँचने से सारे आरोप ही झूठे सिद्ध हो जाते हैं।

शब्दार्थ Vocabulary:

20. insist 21. Golden Carriage 22. costly Toys 23. helplessness 24. deserted Place 25. jealousy 26. murder 27. charge /Allegation 28. dispute 29. corruption 30. threatened 31. eye Witness 32. court 33. false Witness 34. twist 35. death Sentence 36. movement 37. revolution 38. arrested 39. prisoner 40. place of Execution 41. unconscious

बोध प्रश्न भाग - 2

1. चारुदत्त पर किस बात का आरोप लगता है?
2. उस समय न्यायालयों की दशा कैसी थी?
3. चारुदत्त को मृत्यदंड मिलने पर प्रजा में क्या प्रतिक्रिया होती है?
4. वसंतसेना को मारने का प्रयास कौन करता है? राजा से उसका क्या संबंध है?
5. अंत में किसे दंड मिलता है?

सांस्कृतिक टिप्पणियाँ /Cultural notes

गणिका : Courtesan having skill of dance and music

साला : Wife's brother, brother in law

व्याकरणिक टिप्पणियाँ /Grammatical Notes

पर्यायवाची शब्द /Synonyms

प्रसिद्ध	-	मशहूर	सज़ा	-	दंड
चिंता	-	फिक्र	मौका	-	अवसर
चरित्र-चाल	-	चलन	विवाद	-	बहस
गरीबी	-	निर्धनता	गवाह	-	साक्षी
आभूषण	-	गहने	निर्जन	-	एकांत
धरोहर	-	अमानत	हत्या	-	कत्ल
प्रयास	-	कोशिश	न्यायाधीश	-	जज
अन्याय	-	नाइंसाफी	न्यायालय	-	कचहरी
बहुमूल्य	-	कीमती	जनक्रांति	-	इंकलाब
विवशता	-	मज़बूरी	बंदी	-	कैदी
सज़ा	-	दंड			

विलोम शब्द Opposite Words

अच्छाई	x	बुराई	असंतोष	x	संतोष
विश्वसनीय	x	अविश्वसनीय	योग्य	x	अयोग्य
अमीर	x	गरीब	न्याय	x	अन्याय
सम्मान	x	अपमान	कीमती	x	सस्ता
धनी	x	निर्धन	झूठा	x	सच्चा
योग्य	x	अयोग्य	संतोष	x	असंतोष
निर्जन	x	भीड़भाड़	आदर	x	अनादर

कारक के भेद /Types of cases

1. कर्ता कारक /Subject case:

When in the past tense if, the verb is transitive then we use "ने" case ending after the subject & the verb will be according to the object. जैसे - माँ ने बेटे को पढ़ाया।

2. कर्म कारक (Object case)

'को' case ending is used after the animate object for, e.g. - लड़के को बुलाओ।
Generally 'को' case ending is not used after the inanimate object, e.g. -
यह पेड़ मत काटो।

But some exceptions are there, e.g. - तुम इस पेड़ को मत काटो।

In case of "चाहिए" verb we use 'को' case ending after the subject.

जैसे - उसको किताब चाहिए।

3. करण कारक /Instrumental case:

In the Instrumental case, the case ending से and द्वारा are used after the instrument. For e.g.:

वह हवाई जहाज से अमेरिका गया।

'से' is also used to express mode, reason, condition, value, defects of the body quality of the action

जैसे - तुम ध्यान से कार्य करो। वह काम से बाहर गया है।

अध्ययन करने से भविष्य बनेगा। वह कमर दर्द से पीड़ित है।

In passive voice & impersonal voice, we use 'से' case ending after the subject. जैसे :- रोगी से चला नहीं जाता।

राधा से गाया नहीं जाता

We use 'से' case ending with verbs like पूछना, करना, बोलना, कहना, प्रार्थना करना, ढकना, माँगना। With special verbs

जैसे : माँ से पूछकर आओ।

देश से प्यार करना चाहिए।

उसने भगवान से प्रार्थना की।

आपके कहने से कुछ नहीं होगा।

4. संप्रदान कारक/Dative case:

Dative indicates a recipient or beneficiary.

जैसे- मैंने राधा को पुस्तक दी।

उसने पत्नी के लिए साड़ी खरीदी।

5. अपादान कारक/Ablative case:

Ablative case is used for comparison between objects. It also indicates separation, starting point, duration etc.

जैसे- मैं दिनांक ..... से दिनांक ..... तक छुट्टी पर हूँ।

मेरा घर सबसे दूर है।

लता उषा से अच्छा गाती है।

6. संबंधकारक/Genitive case:

Genitive case expresses relation between two persons or objects. जैसे-

अशोक सीता का पुत्र है।

यह मेरी कार है

आपके कितने बच्चे हैं?

7. अधिकरण कारक/Locative case:

Locative case indicates the time or place of events and objects. जैसे -

मेरे घर <u>में</u> तीन कमरे हैं।

किताब मेज <u>पर</u> रखी है।

8. Vocative case:

The vocative case is used for addressing or calling a person or warning him. जैसे - अरे बच्चो ! शोर मत मचाओ।

हे भगवान ! ये क्या हो गया।

अरे रुको! आगे गड्ढा है।

मौखिक अभ्यास Oral Exercise

स्थानापत्ति अभ्यास /Substitution exercise

1.	राम के चार <u>बेटे</u> हैं।	(बेटियाँ, भाई, बहन, बच्चे)
2.	राधा की <u>लड़की</u> बड़ी है।	(लड़का, घर, परिवार, बैठक)
3.	राम ने <u>चाक</u> से लिखा।	(कलम, पेंसिल, बॉलपेन, जेलपेन)
4.	नरेश <u>बस</u> से गिर गया।	(सीढ़ी, साइकिल, पलंग, पेड़)
5.	माँ ने <u>सबके</u> लिए खाना बनाया।	(बच्चे, मेहमान, पिताजी, बेटियाँ)
6.	मेरे परिवार में तीन <u>लोग</u> हैं।	(सदस्य, बच्चे, बेटे, बेटियाँ)
7.	लक्ष्मण ने बगीचे में <u>उर्मिला</u> को देखा।	(लड़कियाँ, लड़के, लोग, पक्षी)
8.	मैंने अपने <u>मित्र</u> को घड़ी उपहार में दी।	(छोटी, बहन, माताजी, पिताजी, बड़े भाई)
9.	सहायक ने <u>रिपोर्ट</u> तैयार की।	(मसौदा, कार्यवृत्त, कार्यसूची, टिप्पणी)

रूपांतरण /Transformation

नमूना : सौरभ ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उसे पुरस्कार मिला।

प्रतियोगिता में भाग लेने पर सौरभ को पुरस्कार मिला।

1. राघवन को पदोन्नति मिली। उसने पार्टी दी।
2. सचिव ने बजट देखा। उन्होंने संशोधन के कुछ सुझाव दिए।
3. तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेजी। उसकी प्राप्ति सूचना आ गई है।
4. असम के लिए आरक्षण करवाया। हमारी यात्रा सुखद रही।
5. मोहन ने मेहनत की। वह परीक्षा में प्रथम आया।

दोहरा स्थानापत्ति अभ्यास /Double subsititution exercise

1. <u>अत्याचार</u> बढ़ रहे हैं, पर <u>पुलिस</u> को कोई चिंता नहीं।
2. कीमतें सरकार
3. नुकसान मालिक

4. जनसंख्या प्रशासन
5. चोरियाँ पुलिस
6. अनुशासनहीनता प्रधानाचार्य

उपयुक्त परसर्ग चुनकर रिक्त स्थान भरें।

(ने, को, का, के, पर, से, की, में)

1. कई त्यौहारों ..... झाँकियाँ निकाली जाती हैं।

2. हिंदी.....परीक्षा ..... सफलता पाने ..... मेरी तरफ से तुम्हें बधाई है।

3. मिसिल.....अधिकारी ..... हस्ताक्षर कर दिए हैं।

4. ठेकेदार.....मज़दूरों .....सड़क बनवाई।

5. चेन्नै .....दिल्ली .....किराया कितना है?

संवाद (Dialogue)

1) चर्चा करें कि भारी वर्षा होने, तूफान आने, ठंड बढ़ने, बाढ़ आने पर क्या-क्या होता है?
2) "से" का प्रयोग करते हुए शहरों, नदियों, जानवरों आदि की तुलना करें।
   जैसे-आगरा शहर दिल्ली से छोटा है। दिल्ली आगरा से बड़ी है।
3) आप शहर से अपने परिवार वालों के लिए क्या-क्या लेना चाहते हैं, प्रश्नोत्तर कीजिए।
   जैसे- मैं अपनी माँ के लिए एक साड़ी लेना चाहता हूँ।

सारांश Summary

संस्कृत भाषा में शूद्रक द्रवारा लिखित 'मृच्छकटिकम' नामक नाटक में उस समय में व्याप्त भ्रष्टाचार का विवरण दिया गया है।

नाटक का नायक चारुदत्त है जो उदात्त चरित्र का व्यक्ति है। व्यापार में घाटा होने पर आर्थिक समस्याओं से जूझता है। प्रसिद्ध गणिका वसंत सेना उसके उदात्त गुणों से प्रेम करती है और अपने आभूषण उसके यहाँ रखवा देती है। आभूषण चोरी होने पर चारुदत्त की पत्नी अपना हार बसंत सेना को दे देती है। इस बीच कई घटनाक्रम होते हैं। जिसमें चारुदत्त को षड्रयंत्र के तहत मृत्युदंड मिलता है किंतु अंत में भ्रष्टाचार के विरुद्रध प्रजा बगावत करती है और षड्रयंत्रकारी पकड़े जाते हैं। चारुदत्त छूट जाता है।

बोध प्रश्न के उत्तर भाग- 1

1. संस्कृत भाषा का।
2. व्यापार में घाटे के कारण गरीबी।
3. सुरक्षित रखने के लिए।
4. लोग कहेंगे कि अमानत हड़प ली।
5. अपना बहुमूल्य हार बसंत सेना के पास भेजा दिया।

भाग- 2

1. बसंत सेना की हत्या का।
2. भ्रष्टाचार और झूठ का अंधकार छाया हुआ था।
3. क्रांति फैल जाती है।
4. राजा का साला।
5. अंत में शंकर को दंड मिलता है और भ्रष्ट लोगों को मारकर न्याय का शासन कायम होता है।

Follow up: As above given story you can also write a story in the same pattern.